दिनांक: 29.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से लेकर 1 जून की शाम साढे छह बजे तक के लिए एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस दौरान देशभर में सभी लोकसभा क्षेत्रों में एक्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। आयोग ने कहा है कि मतदान से 48 घंटे पहले ओपिनियन पोल या सर्वे के प्रसारण पर रोक रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधि कानून 1951 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए किसी भी तरह के एग्जिट पोल को इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया के जरिए या अन्य तरीके से प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगाया है।

....

लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए स्वीप गतिविधियों में तेजी आ गयी है। इसी कड़ी में भीलवाड़ा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आज चिकित्सा विभाग ने शहर के सूचना केंद्र चौराहे से मतदाता जागरूकता रैली निकाली। वहीं सूचना केंद्र पर मतदान शपथ भी दिलाई गई।

....

कैंसर विजेता दिवस समारोह आज जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय और अनुसंधान केन्द्र तथा कैंसर केयर की ओर से इसका आयोजन हो रहा है। समारोह की शुरूआत राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसमें राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित कई राज्यों के कैंसर सर्वाइवर भाग ले रहे हैं।

....

दूरसंचार विभाग ने लोगों को ऐसे फोन कॉल से सचेत रहने के लिए कहा है, जिन फोन कॉल के द्वारा उनके मोबाईल नंबर बंद करने के लिए धमकाया जा रहा है। विभाग ने इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये हैं। विभाग ने इस बात पर भी एहतियात बरतने के लिए कहा है कि जिन फोन कॉल के माध्यम से लोगों को उनके मोबाइल नम्बर अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल करने की बात कही जा रही है।
विभाग ने लोगों को संचार साथी पोर्टल पर किसी भी तरह की धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने की सलाह दी है। इसके अलावा विभाग ने साईबर अपराध या वित्तीय धोखाधडी के शिकार होने की स्थिति में साईबर अपराध हैल्पलाइन नंबर 1 9 3 0 या वेबसाइट ॣबपइमतबतपउमण्हवअण्पद पर रिपोर्ट करने का परामर्श दिया है।

....

कोटा में आज सुबह हैंगिंग ब्रिज के पास सड़क हादसे में आरपीएस अधिकारी राजेन्द्र सिंह गुर्जर की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में बेंगू की सीओ अंजली सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गई। उन्हें कोटा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। ये हादसा शंभूपुरा मोड़ पर हुआ, जहां ट्रोले ने राजेन्द्र गुर्जर की गाड़ी को टक्कर मार दी। श्री गुर्जर कोटा आरएसी में डिप्टी कमांडेंट के पद पर कार्यरत थे।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया संदेश में शोकाकुल परिवार के लिए संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

....

आज गुड फ्राइडे के दिन विश्वभर के गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। यीशु मसीह को इसी दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए कुर्बानी दी थी। गुड फ्राइडे के बाद वाले रविवार को यीशु मसीह फिर से जीवित हो गए थे, जिसे ईस्टर के रूप में मनाया जाता है।

गुड फ्राइडे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यीशु मसीह की अनुकम्पा और दूसरों को क्षमा करने की उनकी सीख से प्रेरणा लेनी चाहिए।
इधर, प्रदेश में भी विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की गयीं। सवाईमाधोपुर और भरतपुर में हुई प्रार्थना सभाओं में ईसा मसीह के बताए हुए मार्ग पर चलने का आव्हान किया गया। इस दौरान ईसाई धर्म के लोगों ने प्रभु यीशु के बलिदान के किस्सों को सुनाकर उनके द्वारा मानव कल्याण के लिये किये गए कार्यों को याद किया।

....

शाहपुरा ज़िले में आयोजित हो रहे फूलडोल मेले में ज़िला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों का भी जायजा लिया। श्री शेखावत ने मेले में लगी राजीविका की ओर से लगायी गयी स्टॉल्स पर खरीददारी कर महिलाओं उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया।

....

राज्य में आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इसके असर से आज जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं—कहीं बारिश हो सकती है। इस विक्षोभ का असर दो दिन तक रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस गिरावट का पूर्वानुमान है।

....